# टीएमसी और शिवसेना यूबीटी के बागी सांसदों पर फैसला आज

- लोकसभा में लागू हो रहे हैं नए समीकरण
- बागी सांसदों की स्थिति पर फैसले का इंतजार

**नई दिल्ली, 18 जुलाई. लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बागी सांसदों की स्थिति को लेकर शनिवार को फैसला आने की संभावना जताई जा रही है।**

सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष इस मामले में संसदीय नियमों और संवैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर संसद परिसर में कई दौर की बैठकें हुईं। इनमें बागी सांसदों की संसदीय मान्यता, दल बदल से जुड़े नियमों और लोकसभा में उनकी स्थिति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से अंतिम निर्णय का इंतजार है। तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए सांसदों के एक समूह ने नए गुट के रूप में मान्यता का दावा किया है। सूत्रों के अनुसार, इस समूह की ओर से सांसद सुदीप बंदोपाध्याय और काकोली घोष सर्वदलीय बैठक में शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह समूह नेशनल सिटिजन पार्टी ऑफ इंडिया नाम से अपनी पहचान बनाने की प्रक्रिया में है.

सरकार की ओर से कई विधायी प्रस्तावों को आगे बढ़ाने की तैयारी है, जबकि विपक्ष ने भी विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। विपक्ष की ओर से नीट परीक्षा से जुड़े विवाद, महंगाई, भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों को उठाए जाने की संभावना है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को लेकर भी राजनीतिक दलों के बीच चर्चा जारी है। इस तरह के विधेयक को पारित कराने के लिए संसद में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलने की संभावना है.

सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष इस मांग पर भी निर्णय ले सकते हैं। इस विषय पर भी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श किया गया है। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होने वाला है। इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इनमें महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रस्ताव, एफसीआरए संशोधन विधेयक और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक जैसे विषय शामिल हैं। निर्णय के बाद सदन में दलों की स्थिति में बदलाव हो सकता है। डीएमके ने भी कांग्रेस से अलग सीट आवंटित करने की मांग की है.

## दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन में जुड़ेंगी 2,800 इलेक्ट्रिक बसें

**नई दिल्ली.** दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2,800 नयी एसी लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने का फैसला किया है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, हरित और विकसित भारत के विजन के अनुरूप यह पहल दिल्ली की हवा को साफ करने और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी. इन बसों को पीएम ई-ड्राइव योजना के फेज-1 के तहत शामिल किया जायेगा और अगले वर्ष से इन्हें चरणबद्ध तरीके से सड़कों पर उतारा जायेगा. मुख्यमंत्री ने बताया कि नयी बसों में 1,400 बसें 12 मीटर लंबी और 1,400 बसें 9 मीटर लंबी होंगी.

# सीमावर्ती घुसपैठ रोकें और सेना की सुरक्षा सुनिश्चित करें : शाह

- भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा की समीक्षा
- बीएसएफ चौकी का दौरा, सीमा प्रबंधन के दिए निर्देश




**कोलकाता, 18 जुलाई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे. दौरे की शुरुआत में वह भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट सिलीगुड़ी क्षेत्र के जुमागाछ स्थित सीमा सुरक्षा बल की 18वीं बटालियन की बॉर्डर आउटपोस्ट पहुंचे.**

जहां उन्होंने बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों के साथ निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लिया. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों से बातचीत की, प्रहरी सम्मेलन को संबोधित किया तथा पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया. इस दौरान बीएसएफ से संबंधित विभिन्न आधारभूत संरचना एवं विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया. इसके बाद अमित शाह ने सिलीगुड़ी के उत्तरकन्या ऑडिटोरियम में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में पश्चिम बंगाल में सीमा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा से जुड़े विषयों की समीक्षा की जानी निर्धारित है. बैठक में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय जैसे मुद्दों पर चर्चा का कार्यक्रम तय किया गया.

## वांगचुक को जबरन उठाना, लोकतंत्र की स्वतंत्रता का हनन : केजरीवाल

आंदोलन कुचलने की बजाय शिक्षा में सुधार की दी सलाह



**नई दिल्ली, 18 जुलाई.** आम आदमी पार्टी ने 21 दिनों से अनशन पर बैठे प्रसिद्ध शिक्षाविद सोनम वांगचुक को जंतर मंतर से जबरन उठाने और युवाओं पर लाठीचार्ज करने की कार्रवाई को अहंकारी मोदी सरकार की हार करार दिया. आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पुलिस की कार्रवाई को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि इतना अहंकार ठीक नहीं है. श्री वांगचुक को जबरन उठाने की बजाय मोदी सरकार को उनसे बात करनी चाहिए थी. कॉकरोच आंदोलन को कुचलने की बजाय, देश की शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था सुधारो. आप नेता ने कहा कि आज अभी जानकारी मिली है कि अचानक पुलिस बल ने वहां पहुंचकर जंतर-मंतर को घेर लिया और नौजवानों के ऊपर लाठीचार्ज कर श्री वांगचुक को जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया है.

## आमिर खान को लॉरेंस गैंग की धमकी का दावा



**नई दिल्ली.** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिलने का दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट और कथित ऑडियो क्लिप में अभिनेता को उनकी निजी जिंदगी से जुड़े मामले को लेकर निशाना बनाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, धमकी देने वाले की पहचान और पोस्ट की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान एक बार फिर चर्चा में हैं.

# पेपर लीक ने कई परिवारों से छीने बच्चे

- राहुल गांधी ने एक्स पर सरकार पर लगाए आरोप



**नई दिल्ली, 18 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि पेपर लीक ने अनेक परिवारों से उनके बच्चे छीन लिए हैं और आगे ऐसा नहीं हो इसके लिए अब परीक्षा व्यवस्था को नये सिरे से व्यवस्थित बनाने की आवश्यकता है.**

श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पेपरलीक के कारण तनाव में आकर आत्महत्या करने वाली रिया के पिता राजेश का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटी को खोने के बाद वह इस तरह टूट चुके हैं कि उन्हें देखने और उनसे मिलने वाले हर व्यक्ति की आंखें भर आती हैं. उनकी स्थिति देखकर यही कहा जा सकता है कि बच्चों को तनाव नहीं बल्कि सुरक्षा मिले तथा माता-पिता को उनके त्याग का फल मिले, आंसू नहीं.

उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार का दर्द नहीं है, बल्कि पेपर लीक ने ऐसे कई परिवारों को गहरे घाव दिए हैं. हर नाम के पीछे एक मां और एक पिता हैं, जिनके लिए अब कोई कल नहीं बचा. श्री गांधी ने कहा कि परीक्षा की व्यवस्था को इस प्रकार बदलना होगा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे और माता-पिता को अपने बच्चों के सपनों के टूटने का दुख न सहना पड़े. गौरतलब है कि रिया के पिता राजेश शुक्रवार को देहरादून में श्री गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में आए थे और उन्होंने मंच पर कांग्रेस नेता के समक्ष अपना दर्द इस तरह रखा कि वह खुद अत्यंत भावुक हो गये जिसे देखकर कई लोगों की आंखें छलक आई थीं.

## राम प्रतिमा के ऐलान पर बांग्लादेश में मचा बवाल

- हरिदास चंद्र तरणी दास की रिहाई की मांग
- हिंदू-बौद्ध-ईसाई परिषद ने लगाए कार्रवाई पर सवाल

**ढाका, 18 जुलाई बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हिंदू युवक हरिदास चंद्र तरणी दास की गिरफ्तारी के विरोध में बड़ा प्रदर्शन हुआ.**

बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में युवक की तत्काल रिहाई की मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि हरिदास को कथित रूप से झूठे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, मामले से जुड़े आरोपों पर आधिकारिक जांच और न्यायिक प्रक्रिया जारी है। ढाका के नेशनल प्रेस क्लब के बाहर शुक्रवार को हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हरिदास चंद्र तरणी दास की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच और रिहाई की मांग की.

## अभिषेक के 'अवैध' दफ्तर पर चला बुलडोजर

**03** जेसीबी से पांच मंजिला इमारत ध्वस्त करने की कार्रवाई

नोटिस के बाद शुरू हुई तोड़फोड़ की कार्रवाई




**कोलकाता, 18 जुलाई तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय पर शनिवार को बुलडोजर कार्रवाई शुरू की गई। दक्षिण 24 परगना जिले के अमतला-बरुईपुर रोड स्थित पांच मंजिला इमारत को गिराने के लिए तीन जेसीबी मशीनें लगाई गईं.**

प्रशासन का कहना है कि यह निर्माण नियमों के उल्लंघन में किया गया था और इसे अवैध घोषित किया गया था पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हलचल के बीच त्रस्त नेता अभिषेक बनर्जी के कार्यालय पर बुलडोजर कार्रवाई ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। टीम शनिवार सुबह अमतला स्थित इस इमारत पर पहुंची और तोड़फोड़ की प्रक्रिया शुरू कर दी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। पांच मंजिला भवन के निर्माण को लेकर पहले नोटिस जारी किए गए थे। आरोप है कि तय समय में संबंधित पक्ष की ओर से संतोषजनक जवाब या जरूरी दस्तावेज पेश नहीं किए गए.इसके बाद अधिकारियों ने नियमों के तहत इमारत को हटाने की कार्रवाई शुरू की.

## 35 फर्जी अकाउंट धारक गिरफ्तार

**30** करोड़ के संदिग्ध लेन-देन का हुआ खुलासा


**कानपुर, 18 जुलाई. साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से साइबर मुख्यालय के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत कानपुर पुलिस ने फर्जी अथवा किराये के बैंक खातों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 35 म्यूल अकाउंट धारकों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इन बैंक खातों के माध्यम से लगभग 30 करोड़ रुपये के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन का पता चला है. साथ ही, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज 100 से अधिक साइबर शिकायतों का संबंध भी इन्हीं खातों से सामने आया है. पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए थे.

इन खातों का वास्तविक संचालन अन्य व्यक्तियों द्वारा किया जाता था और इनके माध्यम से साइबर अपराध से अर्जित धन का लेन-देन किया जाता था. जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश संदिग्ध लेन-देन ऑनलाइन बेटिंग, गेमिंग ऐप्स और निवेश के नाम पर की जाने वाली साइबर ठगी से जुड़े हुए हैं. पुलिस इन मामलों की गहन जांच कर रही है.

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा भारत

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गिनाईं 12 वर्षों की उपलब्धियां



**नई दिल्ली, 18 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'फोर्सेस फर्स्ट कॉन्क्लेव' में कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने रक्षा क्षेत्र में निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'राष्ट्र सर्वोपरि' और 'सेना सर्वोपरि' की भावना के साथ रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. सैनिकों को बताया राष्ट्र गौरव का प्रतीक- राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमाओं पर तैनात सैनिक, समुद्र की गहराइयों में देश की सुरक्षा कर रहे नौसैनिक और आकाश में राष्ट्र की रक्षा करने वाले वायु योद्धा भारत के राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक हैं. उन्होंने कहा कि जो देश अपने सैनिकों का सम्मान करना नहीं जानता, उसका भविष्य कभी सुरक्षित नहीं हो सकता. रक्षा क्षेत्र में बदली सोच-रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सबसे पहले रक्षा क्षेत्र से जुड़े पुराने दृष्टिकोण को बदला गया. उन्होंने कहा कि सरकार ने यह संकल्प लिया कि भारत अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के साथ-साथ रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भरता भी कम करेगा.

रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि किसी देश को हथियार, गोला-बारूद, मिसाइल, रडार, ड्रोन, नेवीगेशन सिस्टम और अन्य रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़े, तो उसकी रणनीतिक और सैन्य स्वायत्तता भी सीमित हो जाती है. उन्होंने कहा कि सरकार इस स्थिति को पूरी तरह बदलने के उद्देश्य से काम कर रही है.

## आजम खान को झटका, दो साल की सजा बरकरार



सेशन कोर्ट ने अपना फैसला रखा सुरक्षित

**रामपुर, 18 जुलाई समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को विवादित बयान मामले में बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है.**

जिसमें आजम खान को दो साल के कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए एक भाषण से जुड़ा है। आजम खान के खिलाफ यह मामला रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। शिकायत तत्कालीन एसडीएम घनश्याम त्रिपाठी की ओर से दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि चुनाव प्रचार के दौरान आजम खान ने एक सभा में प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.

मामले में आरोप लगाया गया था कि आजम खान ने प्रचार के दौरान कहा था कि लोग अधिकारियों से न डरें। उनके इस बयान को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था. बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में चला।

# ईडी के 17 से अधिक ठिकानों पर छापे

- विदेशी फंडिंग से चलता रहा घुसपैठ सिंडिकेट
- दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड का विस्तृत परीक्षण

**लखनऊ, 18 जुलाई. बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को भारत में कथित रूप से अवैध तरीके से प्रवेश दिलाने तथा फर्जी पहचान और नागरिकता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क की जांच में ईडी को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं.**


जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में 17 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें कुछ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) भी शामिल थे. कार्रवाई के दौरान विभिन्न दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच जारी है. ईडी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ऐसे वित्तीय लेनदेन सामने आए हैं जिनमें विदेश से प्राप्त धनराशि को अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाने के संकेत मिले हैं. एजेंसी इस बात की भी जांच कर रही है कि संबंधित एनजीओ के एफसीआरए खातों के माध्यम से प्राप्त धन का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया गया और उसके बाद धनराशि किन खातों में भेजी गई. जांच में बिना केवाईसी प्रक्रिया पूरी किए बैंक खाते खोले जाने के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है.

ईडी अब उन बैंकों से भी जानकारी जुटाने की तैयारी में है, जहां संबंधित संस्थाओं के एफसीआरए खाते संचालित किए जा रहे थे. इसके साथ ही उन बैंक शाखाओं की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई जा रही है, जहां कथित तौर पर नियमों का पालन किए बिना खाते खोले गए. एजेंसी का कहना है कि छापेमारी के दौरान बरामद दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड का विस्तृत परीक्षण किया जा रहा है. जांच का उद्देश्य वित्तीय लेनदेन की पूरी श्रृंखला, धन के स्रोत और उसके उपयोग का पता लगाना है. मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर की जा रही है. उत्तर प्रदेश में भी इस मामले को लेकर पहले से कार्रवाई होती रही है.

## आज का इतिहास

- 1763- ब्रिटिश सेना ने बंगाल के शासक मीर कासिम को पश्चिम बंगाल के कटवा क्षेत्र में पराजित किया.
- 1827- स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे का जन्म.
- 1848- न्यूयॉर्क के सिनिका फॉल्स में पहले महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन।
- 1870- फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की
- 1940- अडॉल्फ हिटलर ने ग्रेट ब्रिटेन को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया।
- 1956- भारतीय कानूनी सलाहकार जिया मोदी का जन्म.

# 20 लाख के लिए पत्नी ने की सांप से डसवाकर पति की हत्या



- पुलिस जांच में सामने आया कथित षड्यंत्र
- जांच के बाद पत्नी समेत आरोपियों पर कार्रवाई


**मेरठ, 18 जुलाई उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के हस्तिनापुर क्षेत्र में प्ले स्कूल संचालक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करने का दावा किया है।**

जांच के अनुसार, मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर जहरीले सांप से डसवाकर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। शुरुआती जांच में मामला सांप के काटने से मौत का लग रहा था, लेकिन बाद में पुलिस को कई संदिग्ध तथ्य मिले मेरठ के हस्तिनापुर इलाके में स्कूल संचालक अतुल की मौत का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। घटना के दौरान मृतक के पास सांप मिलने से शुरुआत में इसे सामान्य सर्पदंश की घटना माना जा रहा था। हालांकि, जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने इसे कथित हत्या की साजिश से जोड़कर देखा।

जांच में मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर हत्या की योजना बनाई और इसे प्राकृतिक मौत दिखाने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों से पूछताछ के बाद कई अहम जानकारियां मिलने का दावा किया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि वारदात को अंजाम देने के लिए पहले से योजना बनाई गई थी।

जांच एजेंसियां घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं, जिसमें कथित साजिश, आरोपी व्यक्तियों की भूमिका और घटनाक्रम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मामले में पत्नी और अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## हस्तियों के ट्वीट



भारतीय सिनेमा (बॉलीवुड) के प्रमुख और बहुमुखी अभिनेता रणदीप हुड्डा ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें आप हमेशा के लिए संजोकर रखना चाहते हैं! न्योमिका का चाकुंबिया भी उन्हीं पलों में से एक था. चावल का उसका पहला स्वाद और उन सभी के प्रति दिल से आभार, जिन्होंने उसे आशीर्वाद दिया.



भारतीय यूट्यूबर, पॉडकास्टर और उद्यमी रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अधिकांश युवा पेशेवरों को लगता है कि नेटवर्किंग का मतलब किसी प्रभावशाली व्यक्ति को ढूंढना और उससे दोस्ती करना है. लेकिन ऐसा नहीं होता. उस व्यक्ति से पहले से ही सैकड़ों लोग बात करने की कोशिश कर रहे होते हैं. असलियत इससे कहीं ज़्यादा सरल है. इतना अच्छा काम करो कि नेटवर्क खुद तुमसे संपर्क करे.

उपलब्धि ▶ रेल मंत्री और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली दिखाई हरी झंडी

# डिमांड बढ़ी तो रोज चलेगी ट्रेन : अश्विनी वैष्णव



**देहरादून, 18 जुलाई उत्तराखंड में कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस का शनिवार को शुभारंभ हुआ। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नियमित संचालन की शुरुआत की.**

फिलहाल यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी। रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की संख्या और मांग बढ़ने पर इसे रोजाना चलाने पर विचार किया जाएगा। उत्तराखंड को शनिवार को नई रेल सेवा की सौगात मिली, जिससे कुमाऊं और गढ़वाल के बीच सीधा संपर्क और मजबूत होगा। रामनगर से देहरादून के बीच शुरू हुई एक्सप्रेस ट्रेन से स्थानीय यात्रियों के साथ-साथ पर्यटकों, छात्रों, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह ट्रेन केवल एक परिवहन सुविधा नहीं है, बल्कि राज्य के दो प्रमुख क्षेत्रों के बीच विकास, संपर्क और रोजगार के नए अवसरों की 'जीवनरेखा' साबित होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। रामनगर से देहरादून तक चलने वाली यह ट्रेन काशीपुर, रोशनपुर, पिपलसाना, मुरादाबाद, नजीबाबाद और हरिद्वार जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी.

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि यदि इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो रेलवे इसे दैनिक सेवा में बदलने पर विचार करेग रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 के बाद उत्तराखंड में 20 नई या विस्तारित नियमित रेल सेवाएं शुरू की गई हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 11 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम भी जारी है। मुख्यमंत्री धामी ने रेलवे विकास को लेकर कहा कि राज्य में करीब 39 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है.